//आबकारी भवन में विद्युत शार्ट सर्किट से आग लगने के संबंध मे प्रेस विज्ञप्ति //

दिनांक 07.02.2026 को शाम मे लगभग 8.30 बजे लाभाण्डी स्थित आबकारी भवन में छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कारपोरेशन लिमिटेड के कार्यालय के तृतीय तल के एक कक्ष मे बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगने से कार्यालय मे रखा प्रिंटर और युपीएस जल गया है. अवलोकन से दस्तावेजो को कोई नुकसान नहीं होना पाया गया है। सभी फाइल नस्ती लोहे आलमारी में बंद थी रात्रि मे आबकारी भवन मे ड्यूटी पर तैनात गार्ड को तृतीय तल के एक कक्ष से जलने जैसी गन्ध आने पर तत्काल अन्य स्टॉफ को बुलाया और तत्काल मौके पर पहुँचकर कर भवन में मौजूद अंग्निरोधक उपकरणों द्वारा आग पर काबू पा लिया गया मौके पर मुआयना करने पर आग से कार्यालय मे रखे प्रिंटर और यूपीएस का जलना पाया गया। आग से किसी अन्य सामग्री का या अन्य किसी कक्ष मे कोई नुकसान नहीं हुआ है। खबर मिलते ही तत्काल उच्च अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुँचकर अवलोकन किया गया। दिनांक 08.02.2026 को सुबह पुनः अधिकारियो द्वारा पहुंच कर अवलोकन करने पर किसी भी जरूरी दस्तावेज का उक्त घटना मे नुकसान नहीं होना पाया गया।

महाप्रबंधक
सी.एस.एम.सी.एल.
रायपुर (छ.ग.)